AA-1052

(002) B.A. Part-II (Two)

Term End Examination, 2021-22

HINDI LITERATURE

Paper-I

Time : 3 hours] **[Maximum Marks : 75**

नोट- दोनों खण्डों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए । प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं ।

इकाई-I

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- **7×3**

(क) ''वे सजग रहते थे सदा, दुख-पूर्ण तृष्णा भ्रांति से,
जीवन बिताते थे सदा संतोष-पूर्वक शांति से ।
इस लोक में उस लोक से वे अल्प सुख पाते न थे,
हँसते हुए आते न थे, रोते हुए जाते न थे ।।''

(ख) जनता पर जादू चला राजे के समाज का ।
लोक-नारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुई
धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ ।
लोहा बजा धर्म पर सभ्यता के नाम पर ।
खून की नदी बही ।
आँख-कान मूँदकर जनता ने डुबकियाँ लीं
आँख खुली-राजे ने अपनी रखवाली की ।

(ग) ''आज का दुख, कल का आल्हाद,
और कल का सुख, आज का विषाद,
समस्या स्वप्न-गूढ़ संसार
पूर्ति जिसकी उस पार !
जगत् जीवन का अर्थ विकास,
मृत्यु, गति क्रम का ह्रास !

(घ) ''लपकती हैं लाखों तलवार, मचा डालेंगी हाहाकार,
मारने-मरने की मनुहार, खड़े हैं बलि पशु सब तैयार
किन्तु क्या कहता है आकाश, हृदय हुलसो सुन यह गुंजार,
पलट जाए चाहे संसार, न लूँगा इन हाथों हथियार ।''

(ङ) ''पार्श्व गिरि का नम्र चीड़ों में
डगर चढ़ती उमंगों सी ।
बिछी पैरों में नदी, ज्यों दर्द की रेखा ।
विहग-शिशु मौन नीड़ों में ।
मैंने आँख भर देखा ।
दिया मन को दिलासा-पुनः आऊँगा
भले ही बरस-दिन अनगिन युगों के बाद !

इकाई-2

2. मैथिलीशरण गुप्त का साहित्यिक परिचय दीजिए । **12**

अथवा

छायावादी कवियों में 'सूर्यकांत त्रिपाठी निराला' का महत्त्वपूर्ण स्थान है । स्पष्ट कीजिए ।

इकाई-3

3. सुमित्रानंदन पंत जी की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

माखनलाल चुतर्वेदी के काव्य में निहित राष्ट्रीय, सांस्कृतिक चेतना पर सविस्तार लिखिए ।

अथवा

अज्ञेय जी के साहित्यिक अवदान को स्पष्ट करते हुए उनकी काव्यगत विशेषताएँ लिखिए ।

इकाई-4

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :- **5×3**

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की काव्यगत विशेषताएँ ।
(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान की राष्ट्रीय भावना ।
(ग) श्रीकांत वर्मा की भाषा-शैली ।
(घ) छायावाद की विशेषताएँ ।
(ङ) प्रगतिवाद की विशेषताएँ ।

इकाई-5

5. निम्नलिखित में से किन्हीं 15 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- **1×15**

(1) 'भारत-भारती' कविता के रचयिता का नाम लिखिए ।
(2) राष्ट्रीय काव्य-धारा के एक प्रमुख कवि का नाम लिखिए ।
(3) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए ।
(4) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किस कवि को कहा जाता है ?
(5) 'साम्राज्ञी का नैवधदान' किस कवि की रचना है ?
(6) प्रयोगवाद की दो विशेषताएँ लिखिए ।
(7) छायावाद के चार प्रमुख स्तम्भों के नाम लिखिए ।
(8) 'सरस्वती' नामक पत्रिका के संपादक का नाम लिखिए ।
(9) 'पंत जी' की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए ।
(10) 'सुभद्रा कुमारी चौहान' की एक प्रसिद्ध कविता का नाम लिखिए ।
(11) 'मैं बेच रही हूँ दही' नामक कविता के कवि का नाम लिखिए ।
(12) भारतेन्दु युग के प्रमुख दो कवियों के नाम लिखिए ।
(13) 'दूर्वांचल' किस कवि की रचना है ?
(14) 'कविता की मुक्ति' को 'मनुष्य की मुक्ति' से देखने का आदर्श किस कवि ने प्रस्तुत किया है ?
(15) 'बादल' किस कवि की रचना है ?
(16) 'शेखर एक जीवनी' नामक उपन्यास किस कवि ने लिखा है ?